दिन– शनिवार | दिनांक– 19 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। | अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि हज यात्रियों को राज्य सरकार की ओर से सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही है। श्री कुमार ने पटना में एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर आज इस वर्ष होने वाली हज यात्रा को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। श्री कुमार ने कहा कि राज्य के विभिन्न जगहों पर हज यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए वरीय अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है।

————————————————————

केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र, आई–फोर सी ने आज ऑनलाइन बुकिंग धोखाधड़ी को लेकर सार्वजनिक चेतावनी जारी की। मंत्रालय ने विशेष रूप से ऐसे मामलों को लेकर सचेत किया है, जिनमें देश में धार्मिक तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को निशाना बनाया जा रहा है। मंत्रालय ने लोगों को भुगतान से पहले वेबसाइटों की प्रामाणिकता सत्यापित करने की सलाह दी है। लोगों से गूगल, फेसबुक या व्हाट्सएप पर प्रायोजित या अज्ञात लिंक पर क्लिक करने को लेकर सावधानी बरतने के लिए कहा गया है।

————————————————————

केन्द्र सरकार ने दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाने की दावेदारी को पूरी तरह से झूठा, भ्रामक और निराधार बताया है। वित्त मंत्रालय ने एक वक्तव्य में स्पष्ट किया कि सरकार का फिलहाल इस तरह के प्रस्ताव का कोई विचार नहीं है। इसमें कहा गया है कि जीएसटी केवल मर्चेंट डिस्काउंट रेट–एमडीआर जैसे शुल्कों पर लगाया जाता है, जो कुछ उपकरणों का उपयोग करके किए गए भुगतान से संबंधित होते हैं।

————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता में कमी आने से प्रदेश में एक बार फिर अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की सम्भावना है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी उनचालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकत तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, सुपौल, अररिया, किशनगंज और पूर्णियां में एक—दो स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

———————————————————————

भारत के पहले उपग्रह आर्यभट्ट ने आज पचास वर्ष पूरे कर लिए हैं। उन्नीस सौ पचहत्तर में आज ही के दिन प्रक्षेपित किए गए इस उपग्रह का नाम महान भारतीय गणितज्ञ और खगोलशास्त्री आर्यभट्ट के नाम पर रखा गया था। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन — इसरो द्वारा निर्मित इस उपग्रह को सोवियत संघ की सहायता से कपुस्टिन यार से प्रक्षेपित किया गया था।

———————————————————————

आज विश्व लीवर दिवस है। दुनियाभर में लीवर की बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने को लेकर यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस दौरान लोगों को लीवर की बीमारियों से बचने के लिए तैलीय और चिकनाई वाले खाद्य पदार्थों से दूर रहने और स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाने की सलाह दी जा रही है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पिछले दिनों लोगों से खाद्य तेलों का कम से कम इस्तेमाल करने और जीवनशैली में बदलाव की अपील की थी।

———————————————————————

बक्सर के जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठि का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं, जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेन्द्र पान्डेय ने बिना अनुमति मुख्यालय से गायब रहने वाले अधिकारियो और कर्मियों के विरुद्ध दण्डात्मक कारवाई के निर्देश दिए हैं।

———————————————————————————

सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने सुपौल के निर्मली प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में प्राथमिक सब्जी उत्पादक समिति का निबंधन कर प्रमाण पत्र का वितरण किया।

———————————————————————————

कटिहार में विभिन्न संगठनों ने पश्चिम बंगाल के मुर्शीदाबाद में हिंसक घटनाओं के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान शहीद चौक पर आक्रोशित लोगों ने इक्ठा होकर पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना की और पुतला दहन किया।

———————————————————————————

अररिया के कारागार में बंद एक कैदी की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गयी। इसके विरोध में परिजनों ने प्रदर्शन किया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।